This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

5123

B.Com. (बी.कॉम.) / III A

Paper XV – HINDI

प्रश्नपत्र XV – हिंदी

मानविकी वर्ग – वैकल्पिक प्रश्नपत्र

(हिंदी भाषा, साहित्य एवं साहित्येतिहास)

(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 75**

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) वह करतब है यह कि शूर जो चाहे कर सकता है,
नियति-भाल पर पुरुष पाँव निज बल से धर सकता है ।
वह करतब है यह कि शक्ति बसती न वंश या कुल में,
बसती है वह सदा वीर पुरुषों के वक्ष पृथुल में ।

अथवा

मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का,
धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का ?
पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर,
जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रूर । 6

(ख) वैसे ईमानदारी की बात तो यह है कि असंतोष का सिलसिला तो मंत्रिमंडल बनने के पहले दिन से शुरू हो गया था, पर उस समय परिस्थिति की माँग कुछ ऐसी थी कि सबने अपने-अपने चेहरों पर स्नेह सद्भावना, संतोष और एकता के मुखौटे चढ़ा लिए थे कसकर, और आदर्शों के लबादे ओढ़ लिये थे । असंतोष भीतर – अपने लिए और बाकी सब बातें बाहर – दूसरों के लिए ।

अथवा

वे आज अकेले नहीं हैं, आज उनके पीछे वह शक्ति है, जिससे धरती थर्रा उठेगी, दीन निर्धन प्रजा की शक्ति, जो कोणार्क के शिल्पियों और मजदूरों में दुर्दम सेनाओं का बल भर देगी । कोणार्क का मंदिर आज दुर्ग का काम देगा । जाओ, हमें चुनौती स्वीकार है । 6

2. 'रश्मिरथी' की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए ।

अथवा

'कर्ण' का चरित्रांकन कीजिए । 8

3. 'महाभोज' में चित्रित राजनीतिक परिवेश का वर्णन कीजिए ।

अथवा

'दत्ता बाबू' के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का आकलन कीजिए । 8

4. 'कोणार्क' की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए ।

अथवा

'धर्मपद' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 8

5. 'अतीत के चलचित्र' (महादेवी वर्मा) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) रामा किस प्रकार के वस्त्र पहनता था ?

(ख) बिन्दा की मृत माँ के तारा बन जाने की प्रतिक्रिया में लेखिका ने अपनी माँ से क्या कहा ?

(ग) सबिया की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) घीसा के गुरु साहब कौन थे ?

अथवा

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' (डॉ. हरिवंशराय बच्चन) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) लेखक के पिता किन ग्रन्थों का नियमित पाठ करते थे ?

(ख) हिन्दू-मुस्लिम दंगे के समय लेखक के पिता प्रतापनारायण के व्यवहार का वर्णन चार वाक्यों में कीजिए ।

(ग) श्री कृष्ण के प्रति लेखक के मन में अधिक आकर्षण क्यों था ?

(घ) हरिवंशराय बच्चन की किन्हीं दो कृतियों के नाम लिखिए । **8**

6. कृष्ण भक्ति धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।

अथवा

प्रयोगवादी कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **10**

7. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए :

(क) कबीरदास

(ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) पदमावत

(घ) कामायनी **6**

8. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

(i) का वर्षा जब कृषि सुखाने ।

(ii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं ।

(iii) जब आवे संतोष धन, सब धन धूरि समान । **3**

(ख) प्रस्तुत अनुच्छेद के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारतीय संस्कृति की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह बाहर से सभी नए प्रभावों को ग्रहण कर उन्हें पचाकर अपना बना लेती है । इतिहास साक्षी है कि यहाँ की धरती पर विदेशी बराबर आते रहे । वे भारत में आए कि यहाँ बस सकें, या यहाँ से कुछ जानकारी पा सकें अथवा लूटपाट कर सकें या इस पर कब्जा कर सकें । उस जमाने में यहाँ के निवासियों ने इन नए-नए आने वालों के तौर-तरीकों का तिरस्कार नहीं किया बल्कि उन्हें जो भी अच्छा लगा, उसे अपना लिया ।

(i) भारत में विदेशी किस-किस उद्देश्य से आते रहे ?

(ii) भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता क्या है ?

अथवा

हिंदी में अनुवाद कीजिए :

God is often another name for one's conscience. It is one's only guardian in moments of moral crises. It is the inner voice, which guides us in the right direction. To the corrupt and the dishonest, a sleepy conscience is a source of great happiness and comfort. 6

(ग) अपने क्षेत्र में लगे किसी मेले का वर्णन तीन सौ शब्दों में कीजिए ।

अथवा

अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल-भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 6